दैनिक ट्रिब्यून

फरीदाबाद में वर्कशॉप में बनती थी नकली हार्पिक, एक गिरफ्तार

थाना डबुआ क्षेत्र के गांव नवादा में एवीटीएस-2 की टीम ने छापा मारकर नकली हार्पिक बनाने वाली वर्कशॉप का भंडाफोड़ किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया गया है कि टीम ने 15 अप्रैल को शिकायत पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और मौके पर सुरजीत सिंह निवासी गांव गोती, जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल त्यागी मार्केट डबुआ कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। टीम ने बताया कि वर्कशॉप से हार्पिक की 500 एमएल की 816 भरी बोतल, 250 खाली बोतल, 316 लेबल, स्टीकर 40 लीटर कच्चे माल से भरा कैन, नकली उत्पाद बनाने में प्रयुक्त मशीन, गत्ता पेटियां व अन्य उपकरण बरामद किये हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुरजीत सिंह विपिन नामक व्यक्ति की वर्कशॉप में पिछले 4 महीनों से सैलरी पर काम कर रहा था, जहां पर कच्चे माल से नकली उत्पाद तैयार किया जाता है तथा थोक में उत्पादन को बेचा जाता है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया और आगामी पूछताछ के लिए 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

Source: https://www.dainiktribuneonline.com/news/gurugram/fake-harpic-being-manufactured-in-a-workshop-in-faridabad-one-arrested/